जनपद मुख्यालय बिजनौर को 04 लेन मार्ग से जोड़ने की योजनान्तर्गत जनपद बिजनौर में बिजनौर–नूरपुर–छजलैट मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (अन्य जिला मार्ग सं–57, राज्य मार्ग सं–76 एवं 12)

Justification of Site Location

बिजनौर–नूरपुर–छजलैट–मुरादाबाद मार्ग (राज्य मा0सं0–76) को चार लेन के मार्ग द्वारा जनपद बिजनौर मुख्यालय को जोड़ने के लिए मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का आगणन गठित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह एक जनपद बिजनौर को मण्डलीय मुख्यालय मुरादाबाद को जोडने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के द्वारा लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, एवं मुरादाबाद आदि स्थानों से यातायात बिजनौर होते हुए उत्तराखण्ड के विभिन्न स्थानों के लिए गुजरता है। इस मार्ग के द्वारा उत्तराखण्ड के लिए विभिन्न पौराणिक महत्व के स्थल यथा हरिद्वार, कोटद्वार ऋषिकेष एवं रूद्रप्रयाग आदि तथा देहरादून, मसूरी, धनौल्टी इत्यादि पर्यटन स्थलो के लिए भी वाहनो का आवागमन होता है। चूंकि बिजनौर के लिए रेल मार्ग द्वारा पर्याप्त रेलगाड़ियों की सेवा नही है, अतः उक्त मार्ग की महत्ता में अधिक वृद्धि स्वभाविक है। यातायात की दृष्टि से मुरादाबाद से भारी यातायात बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर होते हुए हरियाणा व पंजाब की ओर जाता है। जनपद बिजनौर एवं मुरादाबाद गन्ना बाहुल्य क्षेत्र हैं, इस कारण मार्ग पर गन्ना वाहनों का भी अत्यधिक दबाव बना रहता है।

जनपद बिजनौर को मण्डलीय मुख्यालय मुरादाबाद से जोड़ने के लिए बिजनौर–नूरपुर–छजलैट (राज्य मार्ग सं.–76) एक महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश का यातायात लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं बिजनौर आदि स्थानों से गुजरता हुआ उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जनपद के लिए जाता है। उक्त मार्ग द्वारा उत्तराखण्ड के विभिन्न पौराणिक महत्व के स्थल यथा हरिद्वार, ऋषिकेश, रूद्रप्रयाग आदि एवं देहरादून, मसूरी लैंसडाउन, धनौल्टी इत्यादि पर्यटन स्थल के लिए भी वाहनो का आवागमन है। जनपद बिजनौर में रेलगाड़ियों की पर्याप्त सेवा के अभाव में उपरोक्त मार्ग के महत्ता में वृद्धि स्वाभाविक है। चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्तावित उपरोक्त मार्ग पर मुख्यतः अम्हेड़ा, पैजनिया, नूरपुर, छजलैट महत्वपूर्ण आबादी भाग स्थित हैं। इसके अलावा मार्ग पर विभिन्न आन्तरिक जनपदीय मार्गो का यातायात समाविष्ट होता है। इस मार्ग पर 3722 सी0वी0पी0डी0 (कर्मिशियल वहिकल प्रतिदिन) एवं 19244 पी0सी0यू0 (पैसेन्जर कार यूनिट प्रतिदिन) का यातायात है जिसके कारण मार्ग का चौड़ीकरण किया जाने की अपरिहार्य आवश्यकता है।

उक्त परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित मार्ग की कुल लम्बाई 71.125 में से 54.165 किमी0 लम्बाई में दो लेन मार्ग (7.0 मी0 चौड़ाई) से दो लेन पेव्ड शोल्डर (अर्थात 10 मी0 चौड़ाई में) मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा आबादी भागो में यातायात की सुलभता के दृष्टिगत शेष 16.960 किमी0 लम्बाई में 2 लेन मार्ग (7.0 मी0 चौड़ाई) से यथासम्भव चार लेन (2x8.75 मी0) तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 27.23 हैक्टेयर संरक्षित वन भूमि की आवश्यकता है जो कि न्यूनतम है तथा इस मार्ग के चौड़ीकरण हेतु अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नही है।

Assistant Engineer
Provincial Division P. W. D
BIJNOR

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
बिजनौर

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0
बिजनौर